राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

शिक्षा संकुल, ब्लॉक–5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2700872, E-mail: shaladarpanjpr@gmail.com

क्रमांक : RCScE/SD/2025/VSK(Shala Darpan)-05243-7364802-Part File(4)-7888055VSK (SD) दिनांक :–यथा हस्ताक्षर

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समसा, समस्त जिले

विषय :–शाला दर्पण पर विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की दैनिक उपस्थिति 100% दर्ज करने बाबत।
प्रसंग :–CIET से प्राप्त पत्र File No. RVSK/2026/01/40 Dated: 22.06.2026

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है NCERT के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के प्लेटफॉर्म **"राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केन्द्र (RVSK)"** हेतु विद्यार्थियों एवं कार्मिको की उपस्थिति सम्बन्धित जानकारी शाला दर्पण पोर्टल से संकलित की जा रही है। डाटा विश्लेषण में यह पाया गया है कि विद्यालयों द्वारा शाला दर्पण पोर्टल पर विद्यार्थियों एवं कार्मिको की दैनिक उपस्थिति नियमित रूप से दर्ज नहीं की जा रही है, जिसके कारण राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध आंकड़े अपूर्ण एवं असंगत हो रहे हैं।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त के संबंध में निम्न बिंदुओं की पालना सुनिश्चित करें –

- प्रत्येक कार्य दिवस पर विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की शत–प्रतिशत (100%) उपस्थिति की सूचना शाला दर्पण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करवाई जायें।
- किसी भी कार्मिक एवं कक्षा/सेक्शन के विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रविष्टि लंबित न रहे।
- अनुपस्थित एवं अवकाश की जानकारी सही रूप से अंकित की जाए।
- जिला कार्यालयों के स्तर पर उपस्थिति डेटा की नियमित समीक्षा की जाए।

अतः विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति की ऑनलाईन प्रविष्टि निर्धारित समयावधि में एवं पूर्ण शुद्धता के साथ की जाए ताकि RVSK एवं अन्य शैक्षिक मॉनिटरिंग प्रणालियों हेतु सही एवं अद्यतन डेटा उपलब्ध हो सके। निर्देशों की अवहेलना अथवा उपस्थिति डेटा के नियमित संधारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उत्तरदायी होंगे।

(सीमा शर्मा)
अति. राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : RCScE/SD/2025/VSK(Shala Darpan)-05243-7364802-Part File(4)-7888055VSK (SD) दिनांक :–यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा विभाग, पुस्तकालय एवं पंचायतीराज (प्रारम्भिक शिक्षा) एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर
3. निजी सहायक, निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपी निम्न को सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित है :–

4. सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, निदेशालय, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारम्भिक।
6. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा ।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
8. रक्षित पत्रावली

Signature valid
Digitally signed by Seema Sharma
Designation : Additional State Project Director
Date: 2026.06.24 18:35:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23024438
M e-Sign